हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 3 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री लुईस मोन्टेनेग्रो को पुर्तगाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि वे भारत और पुर्तगाल के लम्बे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय संबंधों को आगे और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।

....

निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथक और वास्तविकता के नाम से एक प्लेटफार्म की शुरूआत की है। इसे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके जरिये सूचनाओं की पुष्टि, भ्रामक सूचनाओं और मिथकों के प्रसार पर रोक लगाने तथा आम चुनाव के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्लेटफॉर्म पर चुनाव से जुडी भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चल रहे मिथकों, महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इस प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं को नियमित आधार पर अपडेट किया जायेगा।

....

भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी नवनीत कौर को कुरुक्षेत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए महिला यूथ आइकॉन बनाया है। यह खिलाड़ी जिले में लोगो को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी एवं ओलम्पियन नवनीत कौर ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को आह्वान किया कि राष्ट्र की मजबूती और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष और

पारदर्शी प्रणाली से अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इन लोकसभा चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा के आदेशानुसार शाहबाद से भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य को महिला यूथ आइकॉन बनाया गया है।

....

कैथल जिला निवार्चन अधिकारी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिले में 100 साल से अधिक आयु के 411 मतदाता हैं, इनमें 268 महिला एवं 143 पुरुष मतदाता शामिल हैं। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 168, गुहला विधानसभा क्षेत्र में 124, कलायत में 71 तथा कैथल विधानसभा क्षेत्र में 48 ऐसे मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 11 हजार 17 बुजुर्ग हैं, जिन्हें इस लोकसभा चुनाव में बैलेट पेपर से यानि घर से ही वोट डलवाने की सुविधा मिलेगी। जो बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता बूथ पर जाकर वोट नहीं डालना चाहते, उनके मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। प्रशांत पंवार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 6 मई को पूरी होगी। उसके बाद ये फार्म बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर से एकत्रित किए जाएंगे। जो मतदाता चाहेंगे कि वे घर से ही वोट देंगे, उनको बैलेट पेपर वितरित किए जाएंगे और चुनाव कर्मचारी उसी दिन उनके बैलेट पेपर पर निशान लगवा कर लेकर उन्हें सीलबंद कर देंगे। इस प्रक्रिया में मतदाता के गोपनीयता के अधिकार को बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 8 लाख 13 हजार 964 मतदाता हैं। इनमें 11 हजार 17 मतदाता ऐसे में जिनकी आयु 85 साल से अधिक आयु के हैं। इनमें 7147 महिला एवं 3870 पुरुष मतदाता शामिल है।

....

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अंभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज 11 से शाम 4 बजे तक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। अधीक्षक

अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

....

हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम मंडल की टीम ने आरोपी राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया जिस पर पिछले साल की 9 दिसंबर को भ्रष्टाचार संबंधी मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बादभ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की टीम ने मामले की पुष्टि की और आरोपी को कल गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी गुरुग्राम में अपने सह आरोपी के साथ मिलकर ट्रकों से मासिक तौर पर पैसा लेता था जिसे वह तत्कालीन मोटर व्हीकल ऑफिसर को देता था।

इसी प्रकार, एक अन्य मामले में गुरुग्राम मंडल की एसीबी टीम ने जीएसटी निरीक्षक जितेंद्र बरवड़ को भी रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में सीजीएसटी कार्यालय गुरुग्राम में कार्यरत है। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से लंबित सरकारी काम करने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहा था। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

....